तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 3 मई 2025



12 रटने के बजाए सिखाने की विधि विकसित करें





12 एसए जैन स्कूल की जमीन बेचने की जांच के आदेश




## खबर संक्षेप

### बिल भरने पर भी बिजली काटी, केस हाईकोर्ट में

**पानीपत।** बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे बरसत रोड म.न.4000 निवासी यशपाल मल्होत्रा ने आरोप लगाया है कि मामला हाईकोर्ट में होने के बावजूद उनका बिजली का घरेलू कन्केशन काट दिया गया। उपभोक्ता ने बताया कि जिस बिजली के बिल को न भरने की एवज में उनकी बिजली बंद की गई है उसको उन्होंने जमा कराया हुआ है। इसके बावजूद उनके घर की बिजली काट दी गई। गर्मी के इस मौसम में हमें व हमारे बच्चों को बिल चुकाने के बाद भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 52 लाख ठगने का चौथा आरोपी किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना माडल टाउन पुलिस ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 52 लाख की ठगी के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिनेश निवासी प्रेम नगर दिल्ली हाल हवेलिया मामन इटावा यूपी के रूप में हुई। आरोपी दिनेश ने उक्त मामले में उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत करवाई हुई है। आरोपी दिनेश के कब्जे से ठगी की राशि में से 7 हजार बरामद कर आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ा गया। पहले गिरफ्तार हो चुकी पूजा व आरोपी दंपती सचिन व नीतू को जेल भेजा जा चुका है।

### शटरिंग प्लेट चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने अंसल में प्लाट से शटरिंग प्लेट व अन्य सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कुलदीप व सागर निवासी जसबीर कॉलोनी व शोबान निवासी धमीजा कॉलोनी के रूप में हुई। तीन युवकों को निजामपुर के नजदीक गंदा नाला पुलिया के पास से काबू किया। आरोपियों ने 26 अप्रैल की रात अंसल में बरसत रोड की साइड एक प्लाट से 20 शटरिंग प्लेट, 32 पाईप व 1 लेंटर तोडऩे की मशीन चोरी करने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों से बचे 10 हजार रूपए व ई रिक्शा बरामद कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### गांजा पत्ती सप्लायर को पंजाब से किया गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस ने 9 किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को पंजाब के मोहाली में कंसल से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान परवेज निवासी हुसैनपुर शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए ने 16 मार्च 2024 को तामशाबाद बंधा पर नाकाबंदी कर बाइक सवार नशा तस्कर वाशेखान निवासी हुसैनपुर मुजफ्फरनगर यूपी को 9 किलो 800 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया था।

### निराश्रित बच्चों को प्रति माह 1850 की सहायता

**पानीपत।** जिले में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा के कारण वंचित हो जाते हैं, वह बच्चा सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है। डीसी डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

### कृषि यंत्रों पर किसानों को 50 फीसदी अनुदान

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यत्रों का पुनः भौतिक सत्यापन 6 व 7 मई को किया जाएगा। सरकार द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिये कृषि यंत्रो पर 50 फीसदी अनुदान राशि दी जाती है। स्कीम के तहत 70 फीसदी अनुदान के लिए कृषि यत्रों का भौतिक सत्यापन 30 जनवरी 2024 को हो गया था।

### नेशनल हाईवे पर अराइयांवाला गांव के पास हुआ हादसा

# ट्रैक्टर ट्रॉली ने दो बाइक को मारी टक्कर, बच्चे की मौत, पांच गंभीर

### शादी समारोह में परिवार सहित जा रहे थे दो भाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

शादी समारोह में दो बाइकों पर परिवार सहित जा रहे दो भाइयों को अराइयांवाला के नजदीक ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों भाई बाइकों समेत सड़क पर गिर गए। हादसे में आठ साल के बच्चे की मौत हो गई। जबकि पांच घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से मृतक बच्चे के माता-पिता की हालत गंभीर होने पर पीजीआई रेफर किया गया। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खिल्लांवाला निवासी वाजिद ने बताया कि उनकी रिश्तेदारी में उत्तर प्रदेश के कुवासपुर गांव में शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए सुबह वह और उसका भाई जाहिद परिवार सहित बाइकों पर जा रहे थे। उसके साथ बाइक पर उसके भाई राशीद की पत्नी रुकसानी उर्फ रुक्को और राशीद का दो साल का बेटा अमीर सवार थे। जबकि दूसरी बाइक पर उसका दूसरा भाई जाहीद, उसकी पत्नी नसरत उर्फ रीना व उनका आठ साल का बेटा आनिश सवार थे। जब वह जगाधरी-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे-73ए पर अराइयांवाला गांव के नजदीक पहुंचा तो पीछे से तेज गति से ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में साइड मार दी, जिससे वह, उसकी भाभी रुकसाना और दो साल का लड़का अमीर बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

लोगों ने घायल हुए जाहिद, नुसरत, आनिश, रुकसाना, अमीर व वाजिद को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने आठ वर्षीय आनिश को मृत घोषित कर दिया। जबकि जाहिद व उसकी पत्नी नुसरत को पीजीआई रेफर कर दिया। हादसे में घायल वाजीद, रुकसाना व अमीर को अस्पताल में उपचार दिया गया।

**चालक फरार**

ट्रैक्टर चालक ने पीछे से सीधी टक्कर आगे चल रहे उसके भाई जाहिद की बाइक में मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई जाहिद, पत्नी नुसरत व उनका आठ साल का बेटा आनिश सड़क पर दूर तक घसीटते हुए चले गए। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई और वे तीनों बेहोश हो गए। आनिश के सिर में काफी चोट लगी थी। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया।

## कार सवार कुवि कर्मी की मौत, चार घायल

**रादौर।** कुरुक्षेत्र-यमुनानगर मार्ग पर गांव धौलरा के एसके रोड के नजदीक ट्रक ट्राला की टक्कर लगने से स्विफ्ट कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। मौत का शिकार हुआ व्यक्ति व घायल कुरुक्षेत्र से अपने घर लौट रहे थे।



मृतक हरकेश का फाइल फोटो।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। गांव भंभौल निवासी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में नौकरी करता है। उसके साथ ही ऊषा कॉलोनी यमुनानगर निवासी ऋषिपाल, राजीव गार्डन निवासी प्रवीण कुमार, शिवपुरी कॉलोनी निवासी टुलिंद्र व धौडंग निवासी हरकेश कुमार भी विश्वविद्यालय में नौकरी करते हैं। वह सभी कार में देर शाम रोज की तरह घर लौट रहे थे। गांव धौलरा के पास सामने से आ रहे ट्रक ट्राला ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार चालक ऋषिपाल समेत वह सभी घायल हो गए। वहीं, कार भी बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उन्हें लाडवा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे में घायल हरकेश (45) की मौत हो गई।

## नेशनल हाइवे पर हादसे में दादी-पोती की मौत



अंबाला। हादसे के बाद विलाप करते परिजन।

- परिवार के साथ अंबाला से सोनीपत लौट रही थी मृतक महिला, तीन लोग बाल-बाल बचे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

बीते रोज देर शाम हुए एक भीषण हादसे में कार सवार दादी-पोती की दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार तीन अन्य लोग बाल बाल बच गए। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिए हैं। शहीद स्मारक के पास यह हादसा हुआ।

हादसे में मौत का शिकार हुई महिला अपने परिवार के साथ अंबाला से सोनीपत लौट रही थी। जींद के गांव पिल्लूखेड़ी की 64 वर्षीय रोशनी अपनी 20 वर्षीय पोती निशू के साथ अपनी कार में सवार होकर यहां डिफेंस कॉलोनी स्थित रिश्तेदारी में आयोजित एक समारोह में शामिल होने के लिए आई थी। रोशनी देवी के पोते का जर्मन स्टडी वीजा लगा है। इसी वजह से परिवार की ओर से एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रोशनी परिवार के साथ लौट रही थी। कार में उनके साथ परिवार की शीला और निखिल भी सवार थे।

### ट्रक ने मारी कार को टक्कर

शहीद स्मारक के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

इस हादसे में रोशनी और निशू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार निखिल व शीला समेत तीन लोग बाल बाल बच गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक आरोपी चालक की पहचान नहीं हो पाई है।

## घूस लेते पकड़ी गई महिला पटवारी का दलाल भी काबू

- परिवादी का आरोप, पटवारी ने मांगी थी 40 हजार की घूस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

चार एकड़ कृषि योग्य भूमि के इंतकाल की एवज में 40 हजार रिश्वत लेती पकड़ी गई महिला पटवारी के मामले में दो माह बाद एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने अब दलाल को भी काबू कर लिया।

बीते 5 मार्च को हुई एसीबी की दबिश के दौरान दलाल शम्मी मौके से फरार हो गया था। तभी से टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। दलाल शम्मी ने ही परिवादी साहब सिंह से पैसों की डिमांड की थी। एसीबी की टीम को महिला पटवारी के साथ-साथ शम्मी की भी रिकॉर्डिंग मिली थी। इसमें वह पैसों की डिमांड कर रहा था। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल 5 मार्च को मानव चौक के पास से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दबिश देकर महिला पटवारी रीना को रंगे हाथों काबू किया था। परिवादी साहब सिंह का आरोप था कि महिला पटवारी रीना ने उसकी खेतीबाड़ी की चार एकड़ जमीन का इंतकाल करने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। वह डेढ़ महीने से इंतकाल के लिए चक्कर कटवाती रही। दलाल शम्मी की मदद से उसने 40 हजार रुपये लेकर बुलाया था। रिश्वत के पैसे देने के तुरंत बाद ही जांच टीम ने पटवारी को काबू कर लिया था। साहब सिंह जिस जमीन का इंतकाल करवाना चाहता था वह उसकी पुश्तैनी जमीन है।

## कुवि ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बी.लिब. और सूचना विज्ञान, एमबीए प्रथम सेमेस्टर एसएफएस (आईयूएमएस) एनईपी, एमबीए तृतीय सेमेस्टर (आईयूएमएस) एनईपी, बी.एससी. फैशन डिजाइनिंग और टेक्सटाइल डिजाइनर प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर), एमएससी. (रसायन विज्ञान) तृतीय सेमेस्टर (आईयूएमएस) फ्रेश के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं।

एम.ए. (योग) प्रथम सेमेस्टर, बी.वोक डिप्लोमा फैशन टेक. प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर), बी.वोक डिप्लोमा फैशन टेक. प्रथम सेमेस्टर (पूर्ण), एम.ए. (इतिहास) प्रथम सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस (रि-अपीयर), एम.ए. (राजनीति विज्ञान) तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस (अंतिम), एम.ए. (राजनीति विज्ञान) तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस (रि-अपीयर), एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर (नया) सीबीसीएस तथा एम.ए. (इतिहास) प्रथम सेमेस्टर एनईपी (नया) के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

- पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले एकजुट हुए कर्मचारी
- हमले के दोषी लोगों को सबक सिखाने का काम करे सरकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले इंको मॉडल टाऊन अंबाला शहर से शहीद उद्यम सिंह चौक सैक्टर 10 अंबाला शहर तक कैंडल मार्च निकालकर पहलगांव के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना प्रस्तावित था लेकिन पहलगांव की दर्दनाक घटना के बाद राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारणी ने जंतर मंतर के धरने को स्थगित करने का फैसला किया क्योंकि पेंशन बहाली संघर्ष समिति के लिए सर्वप्रथम देश है।




अंबाला। कैंडल मार्च में शामिल कर्मचारी।

इस बुरे दौर में पेंशन बहाली संघर्ष समिति देश के साथ खड़ी है। जिला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव सुदेश कुमार ने कहा कि देश को एकजुट होकर देश के दुश्मनों को सबक सिखाना है।

प्रदेश का एक एक कर्मचारी पेंशन बहाली के बैनर तले देश के साथ खड़ा है। ब्लॉक प्रधान हैप्पी पंचाल और राज्य कार्यकारणी सदस्य आनंद कंवर ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या को निंदनीय बताया और कहा कि ऐसा नरसंहार मानवता को शर्मशार करता है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति सरकार से अपील करती है कि वो इस हमले के दोषी लोगों को सबक सिखाने का काम करे ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटना न हो और सरकार को चाहिए कि वह पैरामिलिट्री के जवानों की सामाजिक सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उनकी पुरानी पेंशन लागू करे और अग्निवीर की जगह पहले की तरह भर्ती कर पुरानी पेंशन सहित सभी लाभ देने का काम करें ताकि हमारे देश के जवानों का मनोबल बढ़े। उन्हें अपने परिवार की चिंता न रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला सचिव सोनू यादव,ब्लॉक महासचिव दलबीर सिंह,राजेश कुमार, परवीन कुमार,गुरप्रीत सिंह, रामेश्वर दास, करणपाल, जोगिंदर, सुशील कुमार,रवींद्र सहित विभिन्न विभागों के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिल्ली एयरपोर्ट जा रही टूरिस्ट बस हादसे का शिकार

- हादसे में कई यात्री घायल, बस की खिड़कियों के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया

**करनाल।** नेशनल हाइवे-44 पर बसताड़ा टोल के नजदीक शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस हादसे का शिकार हो गई। चंडीगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट जा रही इस बस के हादसे में 4-5 यात्री घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को हटवाकर थाने पहुंचाया गया। हादसा बसताड़ा टोल से करीब एक किलोमीटर पहले हुआ।

चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट की एसी बस करनाल से दिल्ली की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस के आगे एक ट्रक और उसकी



साइड में एक कार चल रही थी। अचानक कार ड्राइवर ने ब्रेक लगाए, जिससे पीछे चल रहे ट्रक ने भी ब्रेक मारे, लेकिन बस ड्राइवर समय रहते ब्रेक नहीं लगा पाया और ट्रक में जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे कई यात्री सीटों से गिर पड़े और कुछ को गंभीर चोटें आईं। हाईवे पर मौजूद राहगीर मुकेश कुमार, अशोक, राहुल, कुनाल समेत अन्य लोगों ने बताया कि बस के अंदर चीख-पुकार मच गई।

एग्जिट डोर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिससे सवारियों को बाहर निकालना मुश्किल हो गया। ऐसे में बस की खिड़कियों के शीशे तोडक़र यात्रियों को एक-एक कर बाहर निकाला गया :सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और क्षतिग्रस्त बस को हाइड्रा क्रेन की मदद से सडक़ से हटवाया गया। जांच अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि हादसे में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## डाक विभाग ने 'ज्ञान पोस्ट' सेवा शुरू की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

- शैक्षणिक और सांस्कृतिक सामग्री की आसान व सस्ती डाक सुविधा

प्रवर अधीक्षक डाकघर पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डाक विभाग ने एक नई डाक सेवा 'ज्ञान पोस्ट' का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि यह शैक्षणिक और सांस्कृतिक सामग्री की आसान और सस्ती डाक सुविधा है जो कि छात्रो, शिक्षण संस्थानों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं व सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस सेवा के अंतर्गत पुस्तके एवं शिक्षण सामग्री कम दरों पर भेजी जा सकेगी। यह सेवा विशेष रूप से उन पुस्तकों के लिए है जो सरकार से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोडों, विश्वविद्यालयों एवं सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय और सांविधिक निकाय द्वारा पाठ्यक्रम में निर्धारित हो, सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक विषयवस्तु से संबंधित हो या विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में प्रयुक्त हों। पंकज कुमार मीणा ने बताया कि सीखने और ज्ञान साझा करने में सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया 'ज्ञान पोस्ट' भारत के विशाल डाक नेटवर्क के माध्यम से पुस्तकें और मुद्रित शैक्षिक सामग्री भेजने के लिए किफायती विकल्प प्रदान करता है। इस सेवा की कीमत व्यापक पहुँच को प्रोत्साहित करने के लिए तय की गई है। 'ज्ञान पोस्ट' के तहत भेजी जाने वाली पुस्तकों और मुद्रित शैक्षिक सामग्रियों के पैकेट पर ज्ञान पोस्ट स्पष्ट जरूर किया जाना चाहिए।

### 'संविधान बचाओ' अभियान का शुभारंभ 4 मई को अंबाला से

# कांग्रेस संवैधानिक मूल्यों की जगाएगी अलख

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के 'संविधान बचाओ' अभियान का शुभारंभ 4 मई को अंबाला शहर के ओरियन पैलेस से किया जाएगा। इस जनजागरण कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे।

यह आयोजन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के संकल्प को एक नई दिशा देगा। इस महत्त्वपूर्ण



अंबाला। पार्टी नेताओं के साथ विधायक निर्मल सिंह।

आयोजन की तैयारियों को लेकर अंबाला शहर के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने अपने निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक बुलाई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारियां सौंपते हुए भावी रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

विधायक निर्मल सिंह ने कहा, अंबाला से उठने वाली यह चेतना की अलख अब पूरे प्रदेश में संवैधानिक मूल्यों की अलख जगाएगी। यह आयोजन केवल एक सभा नहीं बल्कि हर दिल तक संविधान की मर्यादा पहुंचाने का एक पवित्र संकल्प है। प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा, मौजूदा शासन केवल घोषणाओं और शिलान्यास तक सिमट गया है। यहां विकास के जो वादे किए गए वे अधूरे पड़े हैं। जनता को ठोस परिणाम चाहिए खोखले प्रतीक नहीं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासन को याद करते हुए निर्मल सिंह ने कहा कि वह दौर प्रदेश के सुनहरे युग का प्रतीक था। जब किसान, युवा और मज़दूर सभी को समान अवसर और सम्मान मिला। अब प्रशासन में वह संवेदना और दिशा दिखाई नहीं देती।"

**कार्यकर्ताओं में उत्साह**

पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने 'संविधान बचाओ' अभियान को एक वैचारिक आंदोलन बताते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक मंच नहीं बल्कि संविधान की रक्षा का एक पवित्र अभियान है। अंबाला इसकी पहली मशाल लेकर खड़ा है जो पूरे प्रदेश को रोशन करेगा। कार्यकर्ताओं में इस अभियान को लेकर जोश और उत्साह देखते बन रहा है। गांवों, वार्डों और मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क शुरू हो चुका है ताकि संविधान के मूल आदर्शों को हर तबके तक पहुंचाया जा सके।

## वाहन की टक्कर से कॉलेज सिक्योरिटी गार्ड की मौत

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

बिलासपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव रामगढ़ माजरा निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 50 वर्षीय मेनपाल लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रात करीब आठ बजे उसका पिता कॉलेज से छुट्टी करके अपनी साइकिल पर घर आ रहा था। जब वह कॉलेज के बाहर सड़क क्रॉस करने लगा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात बहन ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। उसने अपने पिता को बिलासपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जगाधरी सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पर डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। उसने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

करनाल। पंजाब विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने हेतु एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार अलंकार, डॉ. सुनीता देवी, डॉ. तोमीर शर्मा एवं डॉ. भरद्वाज बर्गे विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभाग के अन्य सदस्यों, जिनमें श्रीमती मधु तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण भी शामिल थे, ने भी अपनी उपस्थिति से शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

### मजदूर दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेऐम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा मजदूर दिवस पर लेबर विभाग के साथ मिल कर मजदरों के लिए जागरूकता कैंप लगाए गए। जिसके तहत पैनल अधिवक्ता हरपाल सिंह द्वारा मजदूरों को उनके अधिकार बताए गए और साथ ही ई-श्रम कार्ड के लिए उनका रजिस्ट्रेशन भी करवाया गया।

### गीता कन्या विद्यालय में मनाया मजदूर दिवस

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मजदूर दिवस मनाया गया। इस दिवस पर कक्षा दशम की छात्रा प्रज्ञा ने बताया कि मजदूर दिवस मजदूरों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए मनाया जाता है। भारत में पहला मजदूर दिवस 1923 में मद्रास चेन्नई में मनाया गया। 1 मई, 1886 को पहला अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस अमेरिका में मनाया गया।

# 4 मई को होने वाली नीट-यूजी 2025 परीक्षा की तैयारियां पूरी : अनुभव

- सात परीक्षा केंद्रों में 2 हजार 496 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि आगामी 4 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट -यूजी 2025 का आयोजन जिले में किया जाएगा, इससे संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पुख्ता प्रबंधों के साथ नकल रहित परीक्षा का आयोजन करना है।



एसडीएम अनुभव मेहता शुक्रवार को नीट-यूजी 2025 के संदर्भ में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस परीक्षा से संबंधित अधिकारी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर लें तथा मूलभूत सुविधाओं को देख ले की सब पूरी है या नहीं, इसके अलावा परीक्षा से संबंधित दिशा निर्देशों की भी पालना करना सुनिश्चित करें। परीक्षा से संबंधित ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी लगा दिए गए है। एसडीएम ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले में सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इन सात परीक्षा केंद्रों में 2 हजार 496 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा 4 मई को दोपहर 2 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक आयोजित होगी और इस परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी संबंधित परीक्षा केंद्रों के लिए लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन दोपहर 2 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक परीक्षा केंद्रों के आसपास सभी फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगीं। इस मौके पर डीएसपी नायब सिंह, केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में लगेगी धारा-163

बैठक में एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि 4 मई को नीट-यूजी 2025 की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा-163 लागू की जाएगी। इसके अलावा परीक्षा के दिन प्रिंटिंग स्टेशनरी व फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगीं। परीक्षा केन्द्रों की पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### परीक्षा को लेकर दिए जरूरी निर्देश

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 4 मई के दिन परीक्षा केंद्रों में बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलनी चाहिए, किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि मौके पर स्वास्थ्य की दृष्टि से एंबुलेंस और स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने जीएम रोडवेज को भी कहा कि परीक्षा केंद्रों के लिए स्पेशल बस सर्विसेज प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम को सायं 5 बजे से लेकर 7 बजे तक उपलब्ध हों ताकि परीक्षार्थियों को आने-जाने में कोई असुविधा न हो।

## पिंगली डेयरी कॉम्पलैक्स में प्लॉट के लिए डेयरी संचालक करें आवेदन

# पिंगली डेयरी कॉम्पलैक्स में पशु डेयरियां जल्द हो स्थानांतरितः डॉ. वैशाली शर्मा

डेयरी प्लॉटों में मिट्टी भरपाई कार्य शुरू, सीमांकन कार्य करें जल्द, बिजली आपूर्ति के लिए विभाग को लिखें पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



शहर को जल्द से जल्द पशु डेयरी मुक्त करके नगर निगम अपने मकसद में पूरा हो सके, इसे लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। मीटिंग में उप निगम आयुक्त अभय सिंह, निगम अभियंता तथा सचिव बल सिंह मौजूद रहे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि पिंगली डेयरी परियोजना स्थल पर मिट्टी डलवाने का कार्य शुरू हो चुका है, जिन डेयरी संचालकों द्वारा नींव डलवाई जा चुकी है, उनके प्लॉटों में जल्द से जल्द 3 फुट तक मिट्टी की भरपाई करवाई जाए, ताकि वह आगे का कार्य शुरू कर सकें। उन्होंने सचिव को निर्देश दिए कि डेयरी कॉम्पलैक्स में मौजूद फेज-2 का सीमांकन नायब तहसीलदार, नगर निगम करनाल की मार्फत करवाया जाए। इस कार्य को जल्द कर सीमांकन (डीमारकेशन) प्लॉट मालिक को दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन डेयरी संचालकों ने डेयरी का निर्माण कर लिया है और वह डेयरी स्थानांतरण करने में देरी कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें। इसके लिए उन्हें 15 दिन का समय दें। इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई शुरू करें। परियोजना स्थल पर पशु अस्पताल व डॉक्टर की उपलब्धता के लिए पशुपालन विभाग को पत्र लिखा जाए। रात्रि के समय स्ट्रीट लाईट व हाई मास्ट लाईट जलती रहें, डेयरी कॉम्पलैक्स में बिजली की आपूर्ति हर समय उपलब्ध होनी चाहिए, इसके लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को पत्र लिखा जाए।

### पिंगली डेयरी परियोजना की यह है स्थिति

निगमायुक्त ने बताया कि पिंगली डेयरी परियोजना स्थल पर कुल 231 प्लॉट मौजूद हैं। इनमें से 144 प्लॉट, ड्रॉ ऑफ अलॉटमेंट के माध्यम से दिए जा चुके हैं, जबकि 5 प्लॉटों की अलॉटमेंट रद्द कर दी गई है। इसका कारण डेयरी संचालकर द्वारा समय पर किश्त अदा न करना तथा डेयरी निर्माण में देरी करना है। उन्होंने बताया कि 36 डेयरी संचालकों ने निर्माण पूरा कर डेयरी को शिफ्ट कर लिया है, जबकि 83 निर्माणाधीन हैं। करीब 90 डेयरियों में मिट्टी भरपाई करवाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त डेयरी प्लॉट लेने के लिए 44 आवेदन नगर निगम कार्यालय में प्राप्त हुए हैं, जल्द ही सम्बंधित डेयरियों का सर्वे कर ड्रॉ निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### डेयरी कॉम्पलैक्स स्थल पर सुविधाएं करें दुरूस्त

उन्होंने निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि पिंगली डेयरी कॉम्पलैक्स में सडक़, जलापूर्ति, सीवरेज व स्ट्रीट लाईट से सम्बंधित सुविधाओं का निरीक्षण किया जाए। अगर कहीं खामी दिखाई देती है, तो उसे जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि इन्हें लेकर डेयरी संचालकों को परेशानी नहीं आनी चाहिए।

### गोदाम बनाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

उन्होंने सचिव को निर्देश दिए कि जिन डेयरी संचालकों ने डेयरी निर्माण के बाद पशुओं को रखने की बजाए डेयरी को गोदाम इत्यादि में परिवर्तित कर लिया है, ऐसे डेयरी संचालकों पर अलॉटमेंट की शर्तों के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा कार्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



करनाल। आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त मकान को दिखाता मकान मालिक।

## बारिश और आंधी से हुआ भारी नुकसान कहीं पेड़ गिरे, कहीं टूटे बिजली के पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश से महात्मा गांधी चौक के पास कमेटी की पांच दुकानों के आगे लगे शेड गिर गए। हादसा रात को हुआ, जब दुकानें बंद थीं। वहीं घरौंडा के पनौड़ी रोड पर एक बड़ा पेड़ गिरने से पूरी सडक़ ब्लॉक हो गई है। इसके अलावा करनाल के सैक्टर छह के दो मकानों में आसमानी बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा सडक़ पर खडे वाहनों के शीशे टूट गए। जानकारी के अनुसार करनाल के सैक्टर छह में एक मकान पर आसमानी बिजली गिर गई। मकान में रहने वालों को सुबह पता चला जब वह छत पर गए। देखा कि छत में दरार पड़ गई। वहीं पर टैरेस पर बड़ा हिस्सा टूट गया। इसका मलबा गिरने से गली में खडे वाहनों के शीशे टूट गए। वहीं पर इस मकान के सामने भी टैरिस का एक हिस्सा भी बिजली की चपेट में आ गया। गनीमत यह रही कि उस समय छत पर कोई भी नहीं था। यहां से केवल दुपहिया वाहन ही निकल पा रहे हैं। घरौंडा के पनौड़ी रोड पर कई राइस मिले स्थित हैं, जिन तक ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक के जरिए अनाज पहुंचाया जाता है। फिलहाल भारी वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह बंद है।मिलों तक नहीं पहुंच पा रहे ट्रक, ड्राइवरों ने जताई नाराजगीट्रक ड्राइवर राकेश, विनोद, रामनिवास और कृष्ण कुमार ने बताया कि पेड़ गिरने की वजह से रास्ता बंद हो गया है और ट्रक मिलों तक नहीं पहुंच पा रहे। इससे मिलों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि पेड़ को जल्द से जल्द हटवाया जाए ताकि सडक़ का यातायात दोबारा शुरू हो सके और मिलों में अनाज की ढुलाई का काम ठप न हो।

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने जरूरतमंद छात्रों को बांटी पुस्तकें

- मानव सेवा के कार्यों में किए जा रहे नए आयाम स्थापित : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा शेखपुरा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तके प्रदान की गई और स्कूल के मेघावी छात्र छात्राओं को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में टीम के विशेष पदाधिकारी एवं सदस्य स्कूल में पहुंचे और कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को उनके सेलेब्स की पुस्तकें भेंट की गई। इस अवसर पर स्कूल के मेघावी विद्यार्थियों को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड के अंतर्गत ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल हरमीत कौर ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों को सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी जाती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नैशनल चेयरपर्सन ह्यूमन राइट्स प्रकोष्ठ गुंजन भटनागर, नैशनल डायरेक्टर हरीश वधावन, स्टेट डायरेक्टर हरियाणा राजीव गोयल एवं स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक उपस्थित रहे।

### पीओके हमारा है और रहेगा: कैलाशपुरी



**करनाल।** भैरव अखाड़ा के प्रमुख महाकाल स्वामी कैलाशपुरी महाराज ने पहलगाम पर हुए आतंकी हमले में हुई 26 निर्दोष लोगों की हत्या को मानवता और इंसानियत की हत्या बताते हुए कहा कि पाकिस्तान के पाप के कर्मों का घड़ा अब छलकने लगा है। इसलिए अब समय आ गया है कि पाकिस्तान के हैवानों के कर्मों का हिसाब किताब पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समूचा विश्व भारत के साथ खड़ा है और देश की जनता मोदी के साथ। ऐसे में भारत के पास पाक अधिकृत कश्मीर वापस हासिल करने का जो अवसर हाथ लगा है उसे किसी हाल में नहीं खोना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और आ रहा है। महाकाल स्वामी कैलाशपुरी ने कहा कि अभी नहीं तो फिर कभी नहीं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहिए कि भारत के अभिन्न अंग को भारत के मस्तक के साथ जोड़कर 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करें।



## महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में

- भाजपा सरकार में देश व प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास, विकास कार्यों से नागरिकों को मिल रहा लाभ : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शुक्रवार को भी नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं का निवारण किया। उन्होंने कार्यालय में आए नागरिकों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों को उसका निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर के समक्ष सम्पत्ति कर आई.डी. में त्रुटि को दुरूस्त करना, सडक़ों के गड्ढे भरने, सीवरेज व बरसाती लाईनो की सफाई तथा स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने जैसी शिकायतें आई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके पास आमजन की जितनी भी शिकायतें आती हैं, उसका जल्द से जल्द समाधान किया जाए। एक शिकायत को लेकर बार-बार नागरिकों को कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने पर जोर दिया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- मृतक नगर निगम में पियून था और तीन बच्चों का पिता था
- सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची

माल रोड पर शुक्रवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक नगर निगम में पियून था और तीन बच्चों का पिता था। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और आरोपी ड्राइवर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान जटपुरा निवासी बलबीर के रूप में हुई। हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान जटपुरा निवासी 55 वर्षीय बलबीर सिंह के रूप में हुई है। वह करनाल नगर निगम में पिछले करीब 10 से 12 साल से चपरासी (पियून) के पद पर कार्यरत था। बलबीर कौशल रोजगार योजना के तहत निगम में अपनी सेवाएं दे रहा था। तीन बच्चों का था पिता, परिवार सदमे में..बलबीर सिंह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गया है। उसकी बेटी की शादी हो चुकी है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और रो-रोकर बेहाल हो गए। परिजनों ने बताया कि बलबीर रोज की तरह काम से घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। नगर निगम कर्मचारियों में आक्रोश, आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग बलबीर की मौत की खबर से करनाल नगर निगम के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि सडक़ पर भारी वाहन चालक लापरवाही से वाहन चला रहे हैं और प्रशासन ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरत रहा। पुलिसकर्मी रमेश ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। साथ ही मृतक के परिवार की ओर से दिए जाने वाले बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया गया है। जांच जारी है।

# एसएमएस पब्लिक स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

एस एम एस पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा दूसरी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं के दांतों का निशुल्क परीक्षण किया जाएगा । चौधरी डेंटल क्लीनिक के डॉक्टर भरत चौधरी और टीम द्वारा बच्चों को समय-समय पर अपने दांतों की जांच एवं सुबह-शाम हर रोज ब्रश करने के लिए प्रेरित किया। डा. भरत चौधरी ने बताया कि दांतों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। आजकल चॉकलेट, आइसक्रीम खाने से दांतों में खराबी पैदा हो रही है। अगर मसूड़ों को स्वस्थ रखना है, तो मुंह को साफ रखना होगा। दिन में दो बार ब्रश करना ,अपने दांतों और मसूड़ों को मजबूत बनाने के लिए प्राकृतिक तरीकों का उपयोग करना न केवल संभव है बल्कि अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद भी है। उचित पोषण और प्राकृतिक उपचारों को शामिल करना और अच्छी मौखिक आदतों को अपनाना। दांतों के स्वास्थ्य को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकता है। दंत स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य का प्रतिबिंब है, इसलिए इसे अपने स्वास्थ्य के किसी अन्य पहलू की तरह प्राथमिकता दें।विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने डेंटल टीम का धन्यवाद किया और छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने का सबसे पहला नियम यही माना जाता है कि आप अपने शरीर की साफ-सफाई और उसकी स्वच्छता का पूरा ध्यान दें। मजबूत मसूड़े और स्वस्थ दांत अच्छे स्वास्थ्य की निशानी है। अगर हम इसका सही से ख्याल रखेंगे, तो हम दांत दर्द, दांतों का कमजोर होना, दांतों का पीलापन, मसूड़ों में सूजन, मसूड़ों से खून आना, मुंह से बदबू आना आदि समस्याओं से निजात पा सकते हैं।




तरावड़ी। एस एम एस स्कूल मे डॉक्टरों की टीम बच्चों के दांतों का चेकअप करती हुई। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर व जन संवाद में आई शिकायतों को गम्भीरता से लें

# एक सप्ताह में लंबित शिकायतों का करें निपटान

- सभी अधिकारी एक्शन टेकन रिपोर्ट समय से करें अपलोड
- शिकायतों और मांगों को लेकर की गई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को सीएम विंडो, समाधान शिविर व जन संवाद में आई मांगों एवं शिकायतों को लेकर की गई समीक्षा बैठक में निगम अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी शाखा से सम्बंधित उक्त पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि किए गए कार्य की एक्शन टेकन रिपोर्ट (ए.टी.आर.) समय पर अपलोड की जाए। कोई भी शिकायत ऑवरड्यू यानि अतिदेय नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि समाधान शिविर एवं जन संवाद पोर्टल पर आई मांगों पर निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बंधित कार्यकारी अभियंता स्वयं भी इन कार्यों की निगरानी करें। गढ्ढे भरने, सीवरेज व स्टोरम वाटर लाईनो की सफाई, मेन होल कवर तथा स्ट्रीट लाईट खराब होने जैसी शिकायत का तुरंत समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। ए.टी.आर. में जवाब सही दिया जाए, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में लापरवाही न की जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यालय द्वारा इन पोर्टल पर आई शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा की जाती है, इसलिए सभी अधिकारी इसे गम्भीरता से लें और त्वज्जों देकर इन कार्यों को निपटाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि टाईम लाईन तैयार कर कार्य योजना बनाई जाए, सभी कार्य समय से पूरे होंगे। उन्होंने उप निगम आयुक्त अभय सिंह को निर्देश दिए कि सभी शाखा प्रमुख को एक सप्ताह में लंबित शिकायतों के निपटान बारे पत्र लिखा जाए। अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग के करें चालान- उन्होंने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि शहर में अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भवन एवं भूमि शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कब्जे होने को लेकर अगर कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो तुरंत उसकी जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवैध निर्माण पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उप निगम आयुक्त अभय सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, मोनिका शर्मा व प्रियंका सैनी, सहायक अभियंता विवेक बेनीवाल, तकनीकी सलाहकार महीपाल सिंह, विशेषज्ञ सतीश शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, नायब तहसीलदार राम कुमार तथा सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉ.नवीन नैन को बनाया राष्ट्रीय संयोजक

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद संगठनात्मक विस्तार के दौरान डॉ.नवीन नैन भालसी को जाट संसद द्वारा राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि कैथल जिले के सुरेश जैलदार सिरोही को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष व हिसार जिले के बवानी सिंह किरमारा को



हरियाणा प्रदेश संयोजक बनाया गया है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तराष्ट्रीय जाट संसद पिछले 20 वर्षों से जाट समाज को संगठित व गौरवशाली इतिहास को जन जन तक पहुँचाने में प्रयासरत है। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि वह राष्ट्रीय संयोजक से पहले अपने सामाजिक जीवन में इंडियन नेशनल लोकदल पॉलिटिकल पार्टी में 5 बार जिला पानीपत में बतौर जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सँभाल चुके हैं।

### निगम के जेई पर भाभी और भतीजे से मारपीट का आरोप

**पानीपत।** पानीपत में नगर निगम के जेई और उसके साथियों पर आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर भाभी की लात.घूंसों और डंडों से पिटाई की। बीच बचाव के आए भतीजे को भी पीटा। यही नहीं घर के बाहर खड़ी कार पर भी ईंट पत्थर बरसाकर तोडफ़ोड़ की गई। यह मामला पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र का है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के हस्तक्षेत्र से पुलिस ने मामला दर्ज किया। महिला ने आरोपी से अपनी और परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस को दी शिकायत में खादी कॉलोनी निवासी पूनम ने बताया कि विवाद का कारण उनके ससुर की जमीन है, जिसे आपसी सहमति से छोटे भाई के नाम किया गया था। मगर बाद में उनका नाम साजिश के तहत कटवा दिया गया। इसी को लेकर परिवार में बार-बार झगड़ा हो रहा है। शुक्रवार को भी इसी विवाद के कारण उसका देवर अरुण राणा और उसके साथी उनके घर में घुस गए।

### फर्जीवाड़ा कर बेचा प्लाट आठ लोगों पर केस दर्ज

**गन्नौर।** नीति आयोग दिल्ली में कार्यरत अधिकारी ने अपने पिता सहित अन्य पर उनकी दिवंगत मां के नाम रजिस्टर्ड प्लाट को धोखाधड़ी कर बेचने का आरोप लगाया है। थाना गन्नौर पुलिस ने इस संबंध में आठ व्यक्तियों पर केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में नीति आयोग, दिल्ली में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत दिल्ली निवासी अंकित यादव ने बताया कि उसकी माता हेमलता यादव की मृत्यु 4 दिसंबर 2008 को हो चुकी थी। इसके बावजूद 17 अक्टूबर 2012 को उनकी संपत्ति को एक महिला द्वारा हेमलता बनकर धोखाधड़ी से रजिस्ट्री कर बेच दिया गया।

### हमलावर युवकों ने दंपति को लाठी डंडों से पीटा

**खरखौदा।** रामपुर गांव के निवासी ने गांव के ही कुछ युवकों पर घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। सुनील की शिकायत पर सैदपुर चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सुनील का कहना है कि वह परिवार सहित घर पर सो रहा था। रात करीब ढ़ाई बजे उसके बेटे का नाम लेकर कोई बाहर आवाज लगा रहा था। ऐसे में वह उठा और घर का मुख्य दरवाजा खोला। निजामपुर खुर्द का रहने वाला मनजीत अपने तीन-चार साथियों के साथ खड़ा था। जो उसके दरवाजा खोलते ही घर के अंदर घुस आए। वह कुछ समझ पाता इससे पहले ही उन्होंने उसे व उसकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

### गाने को लेकर झगड़ा दुकानदार पर हमला

**सोनीपत।** गांव चौहान जोशी में डीजे पर गाने को लेकर हुए झगड़े की रंजिश में एक दुकानदार पर छह युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित राजकिशन ने बताया कि हमलावरों ने उसे डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ग्रामीण राजकिशन ने पुलिस को बताया कि वह गांव में मोबाइल की दुकान चलाते हैं।

---

### हरियाणा की 6 टीमों में से 5 टीमों ने दिखाया दमखम

# लेकरास चैंपियनशिप में हरियाणा की पांच टीमों ने जीत लिए मेडल

**प्रतियोगिता में 10 जिलों के 42 लड़के ओर 42 लड़कियों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

आगरा उत्तर प्रदेश स्थित जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय तीसरी सब जूनियर, जूनियर व सीनियर नैशनल लेकरॉस चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाडिय़ों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। इस चैंपियनशिप में हरियाणा की 6 टीमों में से 5 टीम ने मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया। लेकरॉस एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के प्रधान महेंद्र सिंह व महासचिव राजेश टूर्ण ने बताया हरियाणा प्रदेश के लगभग 10 जिलों के 42 लडक़े ओर 42 लड़कियों ने अलग अलग आयु वर्ग में भाग लिया। जिनमें 70 खिलाडिय़ों ने मेडल जीतने का काम किया। हरियाणा की टीमों ने जूनियर लडक़े स्वर्ण पदक, सब जूनियर,जूनियर लड़कियां व महिला सीनियर रजत पदक व सीनियर पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता। राजपाल रेढ़ू, दीपक जींद, सोनू, राहुल पानीपत, मनीष रोहतक, विष्णु विश्नोई व मंजू टोहाना ने हरियाणा टीम के कोच मैनेजर की भूमिका निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.बलजीत सिंह शेखू ज्वाइंट सेक्रेटरी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी व अध्यक्षता डॉ.देवेंद्र सिंह ढुल वाइस चांसलर जेजेटी यूनिवर्सिटी राजस्थान ने की ओर विजेता खिलाड़ियों पुरस्कृत किया।



**पानीपत।** हरियाणा की विजेता टीमों के साथ पदाधिकारी ।

---

# कोमल सैनी के मेयर बनने पर ध्वज पद यात्रा का हुआ शुभारंभ

- भाजपा के कार्यकर्ता रोहित वर्मा ने लगाई थी अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

अवध धाम मंदिर कुटानी रोड से दाऊजी महाराज के आशीर्वाद एवं राधे-राधे महाराज के सानिध्य में भाजपा के कार्यकर्ता रोहित वर्मा ने कोमल सैनी को मेयर बनने के लिए राजस्थान के रिंग्स में स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में खाटू बाबा के दर पर कोमल सैनी मेयर बने अर्जी लगाई थी। उसी एवज में आज रोहित वर्मा ने पानीपत की अवध धाम मंदिर से ध्वज पद यात्रा लेकर रिंग्स की ओर प्रस्थान किया।

श्री अवध धाम मंदिर के परमाध्यक्ष दाऊजी महाराज की और राधे-राधे जी महाराज ने रोहित वर्मा एवं मुख्य अतिथि मेयर कोमल सैनी, पार्षद अंजना प्रीतम गुर्जर, पार्षद कमल अरोड़ा, भाजपा नेता संजय अग्रवाल एवं अनेक कार्यकर्ताओं से ध्वज पूजन एवं सर्वोदय पूजन करवाया गया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि रोहित वर्मा बीजेपी का एक सामान्य कार्यकर्ता है ओर बीजेपी का कार्यकर्ता ही अपने लिए हुए संकल्प को सिद्ध कर सकता है। वह रोहित वर्मा का अहसानमंद और आभारी रहूंगी की उसके संकल्प को श्याम बाबा ने साकार किया।

इस अवसर पर वेद पराशर, दिनेश सैनी, मुनीश जैन, साहब सिंह रंगा, डॉ.रविंद्र,संजय कलसी, नरेश वर्मा, जैलसिंह, भावना जैन, किरण मलिक व सतीश धीमान आदि मौजूद रहे।


**पानीपत ।** रोहित वर्मा को खाटू श्याम की पदयात्रा के लिए रवाना करती मेयर

---

*महाराज श्री की दीर्घायु के लिए हवन*

# विश्व जागृति मिशन ने सिविल अस्पताल में फल किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

पूज्य सुधांशु जी महाराज के जन्मदिन पर विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सिविल अस्पताल में दाखिल मरीजों को फल वितरित किए गए। यह कार्य जन सेवा दल के सहयोग से किया गया। मिशन के प्रवक्ता भीम डूडेजा ने बताया की हर वर्ष पूज्य महाराज श्री के जन्मदिन पर फल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है। आज प्रात निंबरी आश्रम में पूज्य महाराज श्री की दीर्घायु एवं स्वस्थ आयु की मंगल कामना के लिए हवन किया गया।

जबकि 3 मई को मॉडल टाउन के रविंद्रा अस्पताल के बाहर मीठे पानी की छबील तथा मीठी खीर का स्टॉल लगाया जाएगा तथा 4 मई को सभी संगत पांच बसों तथा 10 कारों से भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में होने वाले संस्कृति जागरण महोत्सव में शामिल होकर पूज्य महाराज श्री के आशीर्वचन श्रवण करेंगे। इस अवसर पर मंडल के प्रधान डा.जगजीत आहूजा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, सुनील थम्मन, चमन लाल गुलाटी,जगदीश खुराना, पवन अग्निहोत्री, यशपाल बांगा, कमल गुलाटी, श्याम लाल, राजकुमार कथूरिया, लेखराज जताना, प्रेम सागर, भोला व पप्पू उपस्थित रहे।


**पानीपत।** मरीजों को फल वितरित करते हुए विश्व जागृति मिशन के पदाधिकारी ।

---

# हर्षित को मिस्टर फेयरवेल चुना

- आईबी कॉलेज रंगा विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

आईबी महाविद्यालय में जीव विज्ञान विभाग के बीएससी प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बीएससी तृतीय के वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, विभागाध्यक्ष डॉ.निधान सिंह, प्रो.पवन कुमार, डॉ.विक्रम, डॉ.प्रवीण द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया।

प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सहयोग और प्रेम की भावना बढ़ती है। बीएससी तृतीय वर्ष के हर्षित को मिस्टर फेयरवेल, शालू को मिस एलिगेंट, प्राची को मिस ब्यूटीफुल और अमीषा को मिस फेयरवेल चुना गया।

इस आयोजन में प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.अंजूश्री,प्रो. नीलम, प्रो.स्वाति, प्रो.भारती, प्रो.वसुंधरा, प्रो.अन्नु, राम मेहर शर्मा, कविता और रेणु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



---

# उपायुक्तों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- अधिकारी अपने विभागों की पेंडेंसी का जल्द से जल्द करें निस्तारण : डॉ.अमित

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

हरियाणा पंचायत विभाग के आयुक्त और सचिव डॉ.अमित अग्रवाल ने जन संवाद, समाधान शिविर व सीएम विंडो से प्राप्त जन समस्याओ की वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के डीसी के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डॉ.अमित अग्रवाल ने कहा कि हमें नागरिकों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान करना है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी उपायुक्तों को समस्याओं पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध कब्जा पर संज्ञान लेने की जरूरत है। उन्होंने जिले अनुसार जन संवाद समाधान शिविर और सीएम विंडो के तहत प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का जिले अनुसार ब्यौरा लिया। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय और जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने डॉ अमित अग्रवाल को आश्वस्त किया कि जो समस्याएं जन संवाद, सीएम विंडो और समाधान शिविर में प्राप्त हो रही है उन पर संज्ञान लिया जा रहा है। इस मौके पर नगराधीश टीनू पोसवाल, पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स, सीएमओ डॉ विजय मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, एसडीओ पशुपालन विभाग डॉक्टर श्री भगवान, पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक लोहान, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता एम एस धीमान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आर ओ भूपेंद्र चहल के अलावा विभिन्न विभागों से अधिकारी मौजूद रहे।


**पानीपत।** डा.अमित अग्रवाल की बैठक में भाग लेते अधिकारी।

---

# गरीब परिवार समिति ने करवाया बच्चे का आर्य बाल भारती में फ्री में दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

गरीब परिवार सहायता समिति ने आज फिर से एक बच्चे का स्कूल में फ्री दाखिला कराया है। बच्चे का नाम अथरव पाठक है। इसके परिवार वालों ने समिति से संपर्क किया और बताया कि वह अपने बच्चे को पढ़ाने में असमर्थ है।

समिति के सदस्य आर्य बाल भारती स्कूल पानीपत में गये और सदस्यों के आग्रह करने पर स्कूल की मैनेजमेंट के चेयरमैन रणदीप आर्य ने फीस लेने से मना किया और इस बच्चे का एडमिशन दसवीं कक्षा में किया गया। मैनेजमेंट ने बताया कि ये बच्चा पढने में बहुत लायक है। इसलिए हम संस्था से फीस नहीं लेंगे और इसकी पढ़ाई का खर्चा स्कूल उठाएगा। वहीं इसके लिए संस्था के सभी सदस्यों ने स्कूल मैनेजमेंट का धन्यवाद किया।


**पानीपत।** आर्य बाल भारती में बच्चे का दाखिला कराते समिति के सदस्य, साथ हैं स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान व अन्य ।

---


**पानीपत।** विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए अतिथिगण ।

## पाइट स्कूल के छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को दिलाई शपथ

**पानीपत।** पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफ एल टाउनशिप में इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीए प्रदीप तायल व उनकी पत्नी अनीता तायल रहे। अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या रेखा बजाज ने की। अतिथियों ने स्कूल के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को बैच व सैश को पहना कर शपथग्रहण करवाई। वहीं परिषद के प्रतिनिधियों को कुछ भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें हेड बॉय कक्षा बारहवीं के मोक्ष गोयल और हेड गर्ल कक्षा 12वीं से योगिता चौहान रहे। स्कूल मैनेजमेंट के सदस्य हरिओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल, शुभम तायल उपस्थित रहे। हरि ओम तायल ने विद्यार्थियों को अपना शुभाशीष दिया। मुख्य अतिथि सीए प्रदीप तायल ने कहा कि इस तरह का कार्यभार देने से बच्चों में जिम्मेदारी एवं नेतृत्व की भावना का विकास होता है।

## जीडी गोयंका में टैलेंट हंट का आयोजन

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में टैलेंट हंट हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय में नए सत्र में एडमिशन लेने वाले छात्रों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया। टैलेंट हंट में प्री.नर्सरी से कक्षा बारहवीं के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने अपने नृत्य कला और गायन कला द्वारा सभी का मन मोह लिया। नृत्य में कक्षा द्वितीय के अविराज ने प्रथम, तनम ने द्वितीय तथा हितांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन कला में कक्षा छठी के वंश ने प्रथम चितेश ने द्वितीय तथा कक्षा तीसरी के रौनक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ नृत्य श्रेणी में कक्षा नौवीं के मिलन ने प्रथम, कक्षा चौथी के वीरेन ने द्वितीय तथा कक्षा नौवीं की लक्ष्मी ने तृत्य स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने नये छात्रों का स्वागत करते हुए

---

# हरपाल ढांडा ने 21 जोड़ों को चेक बांटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने आज अंत्योदय भवन में मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतर्जातीय विवाह शगुन योजना के तहत 21 जोड़ों को चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से यह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।

जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग की ओर से यह योजना चलाई गई है। वर्ष 2024-25 में जिला पानीपत में अब तक 121 जोड़ों को 3 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि का लाभ दिया गया है।


**पानीपत ।** मुख्यमंत्री विवाह योजना के चेक वितरित करते हरपाल ढांडा ।

---

### मंडियों से लेकर खरीद केन्द्रों पर पड़ा गेहूं भीगा

**पानीपत।** वीरवार की रात्रि को आईं तेज आंधी तूफ ान और बारिश से क्षेत्र सैकड़ों पेड़ ओर बिजली के पोल गिरने से व बारिश के चलते आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

**बेदखली सूचना**

मैं, प्रेम पुत्र श्री धनपत निवासी मकान नं0 573, गली न0 3, जाव्ल मार्ग, सौंधापुर, तहसील व जिला पानीपत ब्यान करता हूँ कि मेरी पुत्री काजल जोकि विवाहित है और उसका अपने पति से तलाक का केस माननीय न्यायालय मे चल रहा है। जोकि मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मन मर्जी करती है। इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता है। भविष्य में उससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार -कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**तिलक राज चौधरी पुत्र स्व. श्री पारी राम चौधरी निवासी मकान न0 62-बी, यमुना एन्कलेव, पानीपत व आदि**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि तिलक राज चौधरी पुत्र स्व. श्री पारी राम चौधरी निवासी मकान न. 62-बी, यमुना एन्कलेव, पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति अन्जू चौधरी पत्नी श्री तिलक राज चौधरी की मृत्यु दिनांक 07.04.2025 को हो चुकी है। स्थ० श्रीमति अन्जू चौधरी पत्नी श्री तिलक राज चौधरी के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. तरुण कुमार चौधरी (पुत्र) 2. वरूण कुमार चौधरी (पुत्र) 3. डिम्पी गुलाटी (पुत्री) ही जायज वारिस हैं।

उपर दर्शाये गये बारसानों के इलावा मृतक स्व. श्रीमति अन्जू चौधरी पत्नी श्री तिलक राज चौधरी का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० श्रीमति अन्जू चौधरी पत्नी श्री तिलक राज चौधरी के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

---

### भाई गुरमुख सिंह ने कीर्तन से निहाल किया

# गुरु अर्जुन देव जी ने मानवता की सेवा की और जरूरतमंदों की हमेशा मदद की

- श्री सुखमणी साहिब पाठ के 12वें दिन पाठ व प्रसाद की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाउन में 5वें गुरु शहीदों के सिरताज श्री अर्जन देव के शहीदी दिवस पर चल रहे श्री सुखमणी साहिब पाठ के 12वें दिन पाठ व प्रसाद की सेवा बलबीर कपूर परिवार की तरफ से की गई। भाई गुरमुख सिंह ने कीर्तन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहा गुरु ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का निर्माण भी करवाया था, जो आज भी एक प्रमुख धार्मिक केंद्र है।

#### ये रहे मौजूद

गुरु अर्जुन देव जी ने हमेशा मानवता की सेवा की और गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की। इस अवसर पर शाम सिंह, तिलक चौपड़ा, सुरेन्द्र कुमार, बीबी रुपींद्र कौर, मनजीत कौर, रितू अरोडा, राजरानी, कृष्ण कौर, भूपिन्द्र कौर, बबली कौर आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाउन में कीर्तन के दौरान संगत

---

# सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पानीपत

थाना चांदनी बाग पुलिस ने सस्ता सोना दिलाने के नाम पर 20 लाख रूपए की ठगी करने के आरोपी को वीरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अनिल निवासी टीडीआई के रूप में हुई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वसीम पुत्र मोहसीन निवासी बराना ने शिकायत देकर बताया था की उसकी 5 साल से टीडीआई निवासी अनिल पुत्र विक्रम के साथ जान पहचान है। पहले दोनों एक ही बैंक में कार्यरत थे। अनिल वर्तमान में सनौली रोड स्थित आईआईएफएल फाईनेंस गोल्ड लोन ब्रांच में मैनेजर कार्यरत है। मार्च 2024 में अनिल उससे मिलकर कहने लगा कि लोन लेने के बाद कुछ लोग बैंक से डिफाल्टर हो गए है। उनका करीब 35 लाख रूपए का सोना 25 लाख रूपए में मिल जाएगा। वह 25 लाख का इंतजाम कर ले। उसे सोना दिलवाकर कुद ही दिन में अच्छे दाम में बिकवा देगा।



**खबर संक्षेप**

### भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह का आयोजन कल

**बराड़ा।** हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन एवं महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति अंबाला द्वारा महाराजा अग्रसेन द्वार के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन 4 मई, (रविवार) को अग्रवाल धर्मशाला में किया जाएगा। जिला अध्यक्ष विकास सिंगला ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री असीम गोयल शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अतिथि के रूप में सोनीपत के मेयर राजीव जैन ,पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान एवं मनदीप राणा करेंगे।

### लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस क्लब द्वारा मानवता के पक्ष में विषय पर एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्व रेड क्रॉस दिवस (8 मई 2025) के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. खुशीला के मार्गदर्शन एवं डॉ. देवेंद्र ढींगरा,कार्यकारी प्राचार्य के नेतृत्व में करवाया गया।
प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थीयों में सहयोग भावना, सेवा भावना, और मानवीय मूल्यों के बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### सेहत के प्रति छात्राओं को किया जागरुक

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस इकाई के तत्वाधान में एक स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक सिंगला ने हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर बल देते हुए कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और तनाव प्रबंधन से हृदय रोगों को रोका जा सकता है।
कैंसर विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी सिंगला ने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों और स्क्रीनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने आमंत्रित वक्ताओं का धन्यवाद किया।

### 3742 शिकायतों का किया निपटान

**अंबाला।** राज्य सरकार के आवास विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से राज्य स्तरीय समाधान शिविरों की समीक्षा की। शाइन ने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों, उनकी पेंडेंसी, रि-ओपन और रिजेक्टेड मामलों को लेकर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त अजय सिंह ने आयुक्त को बताया यहां कुल 4137 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। 3742 का निपटान हो चुका है।

### पोक्सो एक्ट के बारे में बताया

**अंबाला।** एमएम स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक पोक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय लोगों में इस अपराध से बचने के लिए जागरूकता लाना था। कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने शिरकत की। इस अपराध से बचने के लिए बच्चों को जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने अपराध से बचने के लिए विस्तार से जानकारी भी दी गई। साथ ही चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में भी बताया।

### सीएम शगुन योजना की दी जानकारी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है।



नरवाना नहर का दृश्य

# पंजाब सरकार के पानी बंद किए जाने का असर, नरवाना ब्रांच में गिरा पानी का स्तर

**आने वाले दिनों में गहराएगा पानी का संकट, 1200 क्यूसिक नहर में पानी का स्तर पहुंचा**

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

पंजाब की ओर से बंद किए गए पानी का असर दिखने लगा है। नरवाना ब्रांच नहर में पानी कम हो गया है। नहर में अब पानी का स्तर नीचे आ गया है। 24 अप्रैल तक नहर में 3500 से 3600 क्यूसिक पानी आ रहा था। अब पानी का स्तर घटकर 1200 क्यूसिक तक पहुंच गया है। पहले 16.8 फुट तक पानी चल रहा था। अब यह 13 फुट पर पानी चल रहा है। नरवाना ब्रांच नहर से एमईएस, जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसवीपी को पानी दिया जाता है। पानी का संकट का असर अभी कम ही दिखाई दे रहा है, मगर गर्मी के आने वाले सीजन में पेयजल को लेकर संकट गहरा सकता है। सिंचाई विभाग अधिकारी भी लगातार पानी के कम स्तर को लेकर नजर बनाए हुए हैं और रोजाना इसकी रिपोर्ट भी विभाग ले रहा है। बता दें कि पंजाब के भाखड़ा से अंबाला में नरवाना ब्रांच में पानी आ रहा है। पंजाब की सीमा तक एसवाईएल नहर शांत दिखाई देती है। मगर जैसे ही नरवाना ब्रांच में पंजाब से पानी आता है तो इसे दो भागों में बांटा जाता है। नरवाना ब्रांच में आए भाखड़ा के पानी को सबसे पहले तो कुरुक्षेत्र तक भेजा जाता है। दूसरा रास्ता एसवाईएल का है। इसमें भी नरवाना ब्रांच का पानी गिराया जाता है और इसे अंबाला शहर सहित अन्य जिलों के लिए भेजा जाता है। मगर अब हालात यह है कि एसवाईएल और नरवाना ब्रांच दोनों ही मानक स्तर से कम बह रहे हैं। आने वाले समय में पंजाब से पानी की सप्लाई नहीं बढ़ी तो एसवाईएल से सप्लाई वाले शहर सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि पंजाब में भांखड़ा से पानी कम आने पर नरवाना ब्रांच में जल स्तर कम हो गया है। इस मसले पर हम नजर बनाए हुए हैं।

- नरवाना ब्रांच नहर से एमईएस, जनस्वास्थ्य और एचएसवीपी को दिया जाता है पानी

## मेयर बोली खामी मिली तो दर्ज करवाई जाएगी एफआईआर

# एसए जैन स्कूल की 6600 गज जमीन बेचने के मामले की जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित श्री आत्मानंद जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की 6600 वर्ग गज जमीन के मामले में मेयर शैलजा सचदेवा ने जांच के आदेश दिए हैं। इस सिलसिले में मेयर के पास दो शिकायतें पहुंची हैं। मेयर ने दोनों शिकायतें जांच के लिए निगम कमिश्नर व अन्य अधिकारियों को भेज दी है। शिकायतें आरोप लगाए हैं कि संबंधित स्कूल की जमीन को 20 भागों में परिवर्तन किया है। पिछले कई दिनों से स्कूल की जमीन का विवाद खूब सुर्खियों में है। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि अगर जांच के दौरान जमीन के मामले में खामियां मिली तो आपराधिक मामला भी दर्ज करवाया जाएगा। इस मामले में कई निगम कर्मचारियों का भी नाम सामने आ रहा है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से श्री आत्मानंद जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की 6600 गज जमीन की बिक्री पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि इस जमीन को बेचने के लिए नियमों का पालन नहीं किया गया। दो शिकायतकर्ताओं ने नगर निगम में जमीन की प्रॉपर्टी आईडी बनाने का भी आरोप लगाया है। आरोप है कि यह जगह अनअप्रूव्ड थी। उसे अप्रूव्ड दिखाकर इसकी आईडी बनाई। यह परिवर्तन नगर निगम ने किया है या स्कूल के किसी व्यक्ति ने किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कराया है जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। गीता नगरी के रहने वाले परमजीत सिंह ने मेयर को दी शिकायत में कहा कि स्कूल की ओर से बेची जमीन की संपत्ति आईडी में परिवर्तन किया है लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह परिवर्तन निगम के स्तर पर है या स्कूल स्तर पर हुआ है। परमजीत ने कहा कि इसकीवजह से नगर निगम की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। दूसरी शिकायत जोगीवाड़ा के तरसेम सैनी ने दी है। इस शिकायत में स्कूल की जगह को लेकर निगम रिकॉर्ड में छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सैनी का आरोप है कि स्कूल की जमीन को खुर्दबुर्द करने के लिए रिकॉर्ड से छेड़छाड़ हुई है। इसी वजह सैनी ने मामले की गहनता से जांच की मांग की है।





- मेयर के पास दो शिकायतें पहुंची, कई दिनों से खूब उछल रहा है मामला, 20 भागों में बांटकर जमीन बेचने का आरोप, निष्पक्ष जांच हुई थी कई निगम कर्मी भी फंसेंगे।

**दोषी कर्मचारी को बख्शा नही जाएगा**

एसए जैन स्कूल की जमीन मामले में दो अलग-अलग शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस जमीन का सौदा करवाने में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार सामने आता है एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अगर कोई भी निगम कर्मचारी इस मामले में संलिप्त पाया गया तो उसे भी बख्शा नहीं जाएगा।

*सैलजा सचदेवा, मेयर, अंबाला*

### नशीली दवा तस्करी में तीसरा आरोपित दबोचा

**अंबाला।** सीआईए स्टाफ वन ने नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में यूपी के रोहित कुमार को भी काबू किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को पकड़ चुकी है। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। थाना बलदेव नगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में 1 मई को आरोपी रोहित कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। पुलिस ने अब आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। दरअसल 8 नवंबर 2024 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है। पुलिस को पता चला था कि आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर लालड़ू की तरफ जाएगा। तब सीआईए वन ने ऑमेक्स ग्रीन के पास नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को काबू किया था। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनसे 1416 नशीले कैप्सूल जब्त किए गए थे। आरोपियों की पहचान शिव कुमार वासी डेराबस्सी व नवीन कुमार वासी लालडू के रुप में हुई थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि इस मामले में आरोपी रोहित भी शामिल था। लंबी जांच के बाद अब पुलिस ने आरोपी रोहित को भी काबू किया है।

# पाक नागरिकों को वापस भेजने की कसरत समय सीमा खत्म होने के बाद अब होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अब जिले से भी पाक नागरिकों को वापिस भेजने की कसरत हो रही है। दरअसल गृह विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 42 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि गृह विभाग द्वारा भेजे गए आंकड़ों के आधार पर पुलिस विभाग जांच कर रहा है। अगर कोई पाक नागरिक जिले में अवैध रूप से रह रहा है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि जिले में बंग्लादेशियों को भी तलाशने के लिए भी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। । पुलिस के पास एक इनपुट आया है। जिसके आधार पर अब पुलिस विभाग अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की तलाश कर रहा है। डीसी ने कहा कि बिना वीजा के किसी भी विदेशी नागरिक को यहां नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जो पाकिस्तानी नागरिक हैं और उनका जो वीजा रद्द हो चुका है उन्हें यहां से पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया गया था। अब उसकी अंतिम तिथि भी पूरी हो चूकी है। यदि कोई इसके बावजूद भी यहां रहता है तो उनके खिलाफ तुरन्त नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- डीसी अजय सिंह बोले गैरकानूनी तरीके से ठहरने वाले विदेशी नागरिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

### कार्यकारिणी का होगा विस्तार, मीटिंग कल

**अंबाला।** सर्कल सैनी सभा की मासिक बैठक का आयोजन 4 मई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। इस मौके पर सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि वर्ष 2025-27 की यह पहली बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें सैनी समाज के सदस्यों की मौजूदगी में सभा की कार्यकारिणी समिति का विस्तार करते हुए कुछ पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। उनको 2 वर्षों की कार्यकारिणी में सभा के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अहम जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएंगी। इस दौरान सभा के संरक्षक सुरजीत सिंह सौंडा, दलजीत सिंह पुनिया मौजूद रहे।

# तेजधार हथियारों से बाइक सवार युवक पर हमला, बुरी तरह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

घर से खाना खाकर काम पर जा रहे बाइक सवार दो भाईयों पर करीब दस युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने के बाद सभी हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। मामला रंजिश का बताया जा रहा है। इस दौरान गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान छावनी के बीडी फ्लोर स्थित न्यू शालीमार बाग कॉलोनी के अंकित के रूप में हुई। इसके बाद घायल के भाई अमन ने इलाज के लिए अंकित को छावनी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल का उपचार शुरू किया।अमन ने बताया कि वह और उसका भाई छावनी के दवा की दुकान पर दवाओं की सप्लाई का काम करते हैं। रोजाना की तरह दोनों भाई दोपहर को घर पर खाना खाने आए थे।खाना खाने के बाद दोनों भाई बाइक पर सवार होकर अपने काम पर जा रहे थे। जैसे ही वह दोनों हरी नगर स्थित नाले के पास पहुंचे। इसी दौरान बीडी फ्लोर मिल के रहने वाले करीब दस युवक वाहनों पर सवार होकर आए। आते ही अंकित पर हमला शुरू कर दिया। यह देख अमन ने हमलावरों के कब्जे से भाई को बचाने को प्रयास किया।

- हमला करने के बाद हमलावर युवक मौके से फरार हो गए



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### आधारशिला स्कूल के खिलाड़ी छाए

**जींद।** आगरा (उत्तर प्रदेश) में गत 29 अप्रैल से एक मई तक तीसरी लैकक्रॉस चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित की । प्रतियोगिता में आधारशिला विद्यालय में से तीन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें छात्र नितिन ने स्वर्ण पदक, रविंद्र ने कांस्य पदक व कक्षा दसवीं की छात्रा सृष्टि ने रजत पदक जीत कर सफलता का परचम लहराया। इन छात्रों की उपलब्धि पर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।

# एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दूसरी कक्षा से नौवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। निर्णायक मंडल जिसमें हिंदी अध्यापिकाएं गीता, अनिता छाबड़ा, रणजीत कौर ने बहुत अच्छे से बच्चों को शीट्स चैक करके परिणाम घोषित किया। जिसमें कक्षा वाइस प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पोजीशन निकली गई। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को विद्यालय के चेयरमैन बीएस गर्ग ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि हम लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए यहां एकत्रित हुए है।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### महिला का एटीएम बदलकर खाते से दस हजार निकाले

**अंबाला।** अंबाला कैंट में प्रकाश हलवाई चौक के पास स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गई महिला का वहां पहले से मौजूद युवक ने एटीएम कार्ड बदल लिया। महिला के खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिए। राम बाग रोड गोशाला की नैंसी की शिकायत पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसके पति संजीव कुमार का खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। पति को एटीएम चलाना नहीं आता। 19 अप्रैल को जब वह एटीएम से पैसा निकाल रही थी। इस दौरान एक युवक एटीएम में घुसा। उसने बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद उसके खोते से दस हजार रुपये की रकम साफ कर दी। अब पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है।

### बिजली कर्मियों ने एक्सईएन के खिलाफ की नारेबाजी

**अंबाला।** एचएसईबी वर्कर यूनियन ने शुक्रवार 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल रखी। इस दौरान कर्मचारियों ने जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है की अंबाला छावनी में बैठने वाले एक्सईएन जानबूझकर उन्हें मिलने का समय नहीं देते जिसके कारण किसी के कर्मचारी की पेंशन, किसी के शो कॉज नोटिस, किसी के चेक साइन जैसे कई अन्य छोटे-छोटे काम अटके हुए हैं। यूनियन प्रधान तिलक सिंह में कहा कि एक्सईएन मिलने का समय दे कर भी अपनी सीट पर नहीं बैठते लिहाजा,जब तक उनकी समस्याओं और मांगों को पूरा नहीं करते तब तक अंबाला छावनी के सभी डिविजन रोज सुबह 9 बजे से 11 बजे तक काम रोक कर धरना देंगे।



### बरसोला में सभा का आयोजन

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत बरसोला गांव में सभा का आयोजन किया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई। पीएनडीटी एक्ट की जानकारी से अवगत करवाया। एएनएम सुमित ने जागरूक करते कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई योजना है। योजना का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व सही व गलत के बारे में अवगत कराना, शिक्षा के माध्यम से लड़कियों को सामाजिक व वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना, लोगों को इसके प्रति जागरूक करना एवं महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवाएं वितरित करने में सुधार करना, लिंग अनुपात में सुधार करना, बेटियों के अस्तित्व को बचाना एवं उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना, शिक्षा के साथ बेटियों को अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने व उनकी इसमें भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

# रटने की बजाय सिखाने की विधि विकसित करें

## शैमफोर्ड स्कूल में विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड विद्यालय में अभिभावकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका को सशक्त बनाना और विद्यालय-अभिभावक संवाद को और प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अंजू रामपाल उपस्थित रहीं, जो शिक्षा के क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव रखती हैं। वे कुशल परामर्शदाता होने के साथ-साथ बाल मनोविज्ञान की विशेषज्ञ भी हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और उप प्रधानाचार्या सुमन शर्मा द्वारा अंजू रामपाल को पौधा भेंट कर किया गया। सत्र के दौरान रामपाल ने अभिभावकों से संवाद स्थापित करते हुए उनके स्वभाव पर आधारित वर्गीकरण किया तथा बच्चों की शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने रटने की शिक्षा प्रणाली की आलोचना करते हुए खेल-खेल में सीखने की विधि पर बल दिया। उन्होंने 'गुड पेरेंटिंग' पर आधारित शपथ भी दिलाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद बच्चे की रुचियों और आवश्यकताओं को समझने में सहायक होता है। इससे उसकी शैक्षणिक प्रगति में गति मिलती है। सभी अभिभावकों से विद्यालय से जुड़कर सहयोग बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के पश्चात शिक्षकों द्वारा विभिन्न कक्षाओं के छात्रों के प्रदर्शन की जानकारी साझा की गई तथा अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किए गए। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते विद्यालय को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शैमफॉर्ड विद्यालय का समस्त शिक्षकीय स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। इस प्रकार के आयोजन निश्चित ही बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करेंगे।

